# फर्नीचर निर्माण में निवेश करेंगी सिंगापुर की कंपनियां

लखनऊ : इन्वेस्ट यूपी की पहल पर सिंगापुर की कंपनियों ने राज्य में फर्नीचर निर्माण के क्षेत्र में निवेश करने की सहमति दी हैं। आइपीएसई, आइपीएसए और आइपीएसयूएम ब्रांड के फर्नीचर का निर्माण करने वाली कंपनियों के प्रतिनिधियों को इन्वेस्ट यूपी ने निवेश का आमंत्रण भी दिया है। इन्वेस्ट यूपी के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शशांक चौधरी के नेतृत्व में सिंगापुर गए प्रतिनिधिमंडल ने फर्नीचर निर्माताओं को प्रदेश में निवेश का न्योता दिया है। (राब्यू)